दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली सरकार
कार्यालय : सहायक आयुक्त(श्र.क.)
वरूणालय बी बिल्डिंग, करोल बाग,
नई दिल्ली–110005.
E.Mail.I.D.lwodjb@gmail.com
दूरभाष संख्या – 23678380–81–82 Extn.-253, 254

पत्र कमांक : दिजबो / स.अ.(श्र.क.) / 2022 / डी– 41140 दिनॉक : 8-7-22

परिपत्र

विषय :कृतज्ञता दिवस समारोह वरूणालय फेस–द्वितीय के मुख्य समागार में जुलाई 2022 से पुनः शुरू करने के संबंध में ।

जैसाकि आपको विदित है कि प्रत्येक माह की आखिरी तारीख को दिल्ली जल बोर्ड से सेवा–निवृत्त हो रहे अधिकारियों / कर्मचारियों को दिल्ली जल बोर्ड के श्रम कल्याण विभाग द्वारा वरूणालय फेस–द्वितीय के मुख्य सभागार में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाता रहा है लेकिन कोविड–19 महामारी के कारण मार्च–2020 से इस कार्यकम को स्थगित करना पड़ा। चूंकि अब कोविड़–19 महामारी लगभग समाप्त हो चुकी है व दिल्ली जल बोर्ड की यूनियनों द्वारा भी यह मॉग की जा रही है कि इस कार्यकम को पुनः चालू किया जाये ताकि दिल्ली जल बोर्ड से विदा ले रहे अधिकारियों / कर्मचारियों के स्वागत के साथ–साथ उनके सेवानिवृत्त होने के उपरांत मिलने वाले सभी लाभांश भी उसी समय दिए जा सके ।

उपरोक्त को देखते हुए सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध किया जाता है कि वह यह सुनिश्चित करें कि जुलाई–2022 माह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के भुगतान का विवरण दिनॉक 26.07.2022 तक श्रम कल्याण विभाग में आवश्यक रूप से भेज दें, भुगतान का विवरण देते समय यह सुनिश्चित कर ले कि भुगतान के सभी विवरण पूर्णरूपेण प्रेषित कर दिए गए है, यदि कोई विवरण नहीं भेजा जा रहा है तो उसका स्पष्टीकरण दें कि किन कारणों से भुगतान नहीं किया जा रहा है लिखित रूप से इस कार्यालय को भेजें व सभी विभागाध्यक्ष यह भी सुनिश्चित करें कि उनके अधीनस्थ कार्यरत अधिकारी / कर्मचारी जो दिल्ली जल बोर्ड से विदा ले रहे है, उनको इस बारे में जानकारी हो ।

वह सभी विभागाध्यक्ष यह भी सनिश्चित करें कि जिनके अधीनस्थ कार्यरत अधिकारी / कर्मचारी दिल्ली जल बोर्ड से सेवानिवृत्त हो रहे है वे विभागाध्यक्ष जुलाई 2022 माह के अंतिम कार्य दिवस को होने वाले सेवानिवृत्त समारोह में अपने अधीनस्थ अधिकारी / कर्मचारी को सेवानिवृत्त करने हेतू दिल्ली जल बोर्ड मुख्यालय के मुख्य सभागार में आवश्यक रूप से उपस्थित हो । यदि वह किसी कारणवश समारोह में आने में असमर्थ है, तो अपने किसी भी प्रतिनिधि को समारोह में अवश्य भेजें ।

वीरेन्द्र सिंह
(वीरेन्द्र सिंह)
सहायक आयुक्त (श्रम कल्याण)

सभी विभागाध्यक्ष
प्रति कृपया सूचनार्थ :–

1. अध्यक्ष / उपाध्यक्ष, दिल्ली जल बोर्ड
2. मुख्य कार्यकारी अधिकारी के निजी सचिव
3. सदस्य (प्रशासन) / सदस्य (वित्त) / सदस्य (जलापूर्ति) / सदस्य (ड्रेनेज)
4. अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी / सचिव, दिल्ली जल बोर्ड.
5. निदेशक (प्रशासन एवं कार्मिक) / निदेशक (राजस्व) / निदेशक (वित्त एवं लेखा) / निदेशक (सतर्कता) / निदेशक (प्रवर्तन)
6. सभी मुख्य अभियंता
7. प्रशासनिक अधिकारी (जन सम्पर्क)– वरूण पत्रिका में प्रकाशनार्थ
8. सभी यूनियनें / लेखा अधिकारी (पेंशन) स्वीकृति
9. ई.ई. (ई.डी.पी.) कृपया दिल्ली जल बोर्ड की वेबसाइट पर डाले ।

Addl. Chief Engineer (Project)-I
EDP Cell, Delhi Jal Board, GNCTD
Dy. No. 2248 dt. 13-07-2022

वीरेन्द्र सिंह
सहायक आयुक्त (श्रम कल्याण)

CE EDP Prog-I
13-07-22
Ashok Kumar
Executive Engineer (EDP)